# किसी मजदूर को सीवरेज सफाई के लिए सीधे सेफ्टी टैंक में नहीं उतारें : कलाल

- जिला स्तरीय सतर्कता समिति की बैठक में ये निर्देश दिए
- उन्होंने कहा कि सीवरेज आदि की सफाई में पर्याप्त उपकरणों और मशीनों के द्वारा ही कार्य करवाया जाए



बीकानेर कलेक्टर भगवती प्रसाद कलाल ( बाएं ) ने कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्तरीय सतर्कता समिति की बैठक को संबोधित किया।

**बीकानेर,**(कासं)। जिला कलेक्टर भगवती प्रसाद कलाल ने कहा कि निगम द्वारा किसी भी परिस्थिति में किसी मजदूर को सीधे सीवरेज के सफाई कार्य के लिए सेफ्टी टैंक में नहीं उतारा जाए।

जिला कलेक्टर ने हाथ से मैला ढोने वाले कार्मिकों के नियोजन का प्रतिषेध और पुनर्वास अधिनियम 2013 के तहत गठित जिला स्तरीय सतर्कता समिति की बैठक में ये निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सीवरेज आदि की सफाई में पर्याप्त उपकरणों और मशीनों के द्वारा ही कार्य होना सुनिश्चित करवाया जाए। इन आदेशों की अवहेलना पाये जाने पर संबंधित के विरूद्ध नियमानुसार सख्त कार्रवाई की जायेगी।

जिला कलेक्टर ने कहा कि एमएस एक्ट 2013 का व्यापक प्रचार प्रसार किया जाए। साथ ही सफाई कार्य के दौरान सभी प्राइवेट इंडस्ट्रीज और ठेकेदारों के पास आवश्यक सुविधाएं और सुरक्षा उपकरण उपलब्ध रहें और सफाई कर्मी भी पूरे सुरक्षा उपकरणों के साथ काम करें। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के संयुक्त निदेशक एल. डी. पंवार ने एम. एस. एक्ट 2013 की जानकारी दी तथा इसके तहत गठित जिला स्तरीय सतर्कता समिति के कार्यों के बारे में बताया।

इससे पूर्व माता-पिता और वरिष्ठ नागरिकों का भरण पोषण अधिनियम 2010 के नियम 23 के तहत गठित जिला समन्वय समिति की बैठक भी आयोजित की गई। बैठक में जिला कलेक्टर ने जिले में संचालित विभिन्न वृद्धाश्रमों, वरिष्ठ नागरिकों के लिए संचालित विभिन्न योजनाओं के तहत हुए कार्य की जानकारी ली।

जिला कलेक्टर ने कहा कि राजकीय चिकित्सालयों में ओपीडी और डीडीसी सेंटर में आने वाले वरिष्ठ नागरिक श्रेणी के मरीजों के लिए अलग लाइन की व्यवस्था हो तथा जहां एक से अधिक डीडीसी है वहां एक डीडीसी वरिष्ठ नागरिकों के लिए आरक्षित रखी जाए। बैठक में देवस्थान विभाग की ओर से सुमित्रा मेहरा ने तीर्थ यात्रा योजनाओं के तहत दिए गए लाभ की जानकारी दी।

बैठक में अतिरिक्त जिला कलेक्टर (नगर) हरिसिंह मीना, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ओमप्रकाश चौधरी, अतिरिक्त कोषाधिकारी नरेश राजपुरोहित, जिला स्तरीय सतर्कता समिति के सदस्य महेन्द्र धारू, अल्ताफ बानो, नगर निगम के मुकेश पंवार, उप चिकित्सा अधिकारी लोकेश गुप्ता, जिला समन्वय समिति के सदस्य हजारीमल देवड़ा, सुंदरलाल मूंधड़ा हनुमान दास मूंदड़ा चेरिटेबल ट्रस्ट के अशोक मूंधड़ा, जिरियाट्रिक सेंटर पीबीएम अस्पताल के सुभाष गौड़, श्री भीम वाल्मीकि समाज सुधार संस्थान के कैलाश चांवरिया सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

**अवैध खनन के लिए टीमें गठित :** जिला कलेक्टर भगवती प्रसाद कलाल ने आदेश जारी कर अवैध खनन के परिवहन एवं निर्गमन के विरूद्ध प्रभावी कार्यवाही के लिए जिले में मोबाइल टीमों और स्थाई संयुक्त दलों का गठन किया। इस संबंध में जारी आदेश अनुसार उपखंड स्तर पर मोबाइल टीमों का गठन संबंधित उपखंड अधिकारी के नेतृत्व में किया गया है। बीकानेर उपखंड की मोबाइल टीम में उपखंड मजिस्ट्रेट अशोक कुमार, वृत्ताधिकारी पुलिस (सदर) शालिनी बजाज, बज्जू की टीम में उपखंड मजिस्ट्रेट हरि सिंह शेखावत तथा पुलिस विभाग के उप निरीक्षक राकेश स्वामी, कोलायत की टीम में उपखंड मजिस्ट्रेट प्रदीप कुमार एवं वृत्ताधिकारी अरविंद, खाजूवाला की टीम में उपखंड मजिस्ट्रेट श्योराम वर्मा और आरपीएस चन्द्रप्रकाश शामिल है।

छतरगढ़ की टीम में उपखंड मजिस्ट्रेट राजेन्द्र कुमार और उप निरीक्षक हंसराज लूणा, लूणकरनसर की टीम में उपखंड मजिस्ट्रेट संजीव कुमार वर्मा और वृत्ताधिकारी नोपाराम भाकर को सम्मिलित किया है। प्रत्येक टीम के साथ परिवहन और खनिज विभाग के एक-एक अधिकारी को सम्मिलित किया गया है। संयुक्त दल में राजस्व, पुलिस, परिवहन एवं खनिज विभाग के कार्मिकों को शामिल किया गया हैं। ये दल टोल नाकों पर उपस्थित रहकर अवैध खनन के परिवहन एवं निर्गमन के संबंध में नाकों से गुजरने वाले वाहनों का सघन निरीक्षण करेंगे।

## चलती कार में स्टंट करने पर गिरफ्तार

**अनूपगढ़,** (कासं)। मॉडल स्कूल और डॉक्टर एपीजे अब्दुल कलाम स्टेडियम के बीच में एक युवक के द्वारा चलती कार की खिड़की से बाहर निकलकर स्टंट किया जा रहा था। इस युवक को चलती कार में स्टंट करना भारी पड़ गया। पुलिस ने युवक को यातायात नियमों की अवहेलना करने पर गिरफ्तार किया।

एएसआई पृथ्वी सिंह नरूका ने बताया कि युवक जिस कार में स्टंट कर रहा था। उस कार को भी जब्त कर लिया गया है। स्टंट करते समय कार में एक नाबालिक बच्चा भी सवार था। मगर युवक ने खुद की और उस नाबालिग बच्चे की जान की परवाह तक नहीं की। स्टंट करने वाला युवक रोहित अनूपगढ़ के वार्ड नंबर 4 का निवासी है।

एएसआई पृथ्वी सिंह नरुका ने बताया कि अनूपगढ़ के वार्ड नम्बर 4 का निवासी रोहित(22) गुलाबा राम गांव 27 ए रोड़ पर कार चला रहा था।कार चलाते समय मॉडल स्कूल और डॉ एपीजे अब्दुल कलाम स्टेडियम के बीच रोहित चलती कार की ड्राइवर साइड की खिड़की खोलकर उससे बाहर निकल कर लहराता हुआ स्टंट कर रहा था। स्टंट करते समय कार तेज गति से चल रही थी। गनीमत रही कि उस समय कोई बड़ा हादसा नहीं हुआ।

एएसआई पृथ्वी सिंह नरूका ने बताया कि रोहित के द्वारा स्टंट करते की एक व्यक्ति के द्वारा इसकी वीडियो बना ली गई। उन्होंने बताया कि वीडियो मिलने के बाद युवक की तलाश शुरू की गई। वीडियो में दिखाई दिए कार नंबर के आधार पर कार्रवाई कर रोहित को आज उसके घर से गिरफ्तार कर लिया गया है।

## सार-समाचार

### पाठशालाओं में बताई मतदान प्रक्रिया



पुकार के तहत आयोजित पोषण पाठशालाओं में गर्भवती महिलाओं को मतदान की शपथ दिलाई।

**बीकानेर,** (कासं)। जिले में नवाचार के रूप में चल रहे पुकार अभियान के तहत बुधवार को जिले की ग्राम पंचायतों के गांवों और नगरीय निकायों के वार्डों में आयोजित मातृ-शिशु स्वास्थ्य एवं पोषण पाठशालाओं के दौरान गर्भवती और धात्री महिलाओं तथा किशोरी बालिकाओं को मतदान प्रक्रिया की जानकारी दी गई। जिला परिषद की मुख्य कार्यकारी अधिकारी तथा स्वीप प्रकोष्ठ प्रभारी नित्या के. ने बताया कि जिला निर्वाचन अधिकारी भगवती प्रसाद कलाल के निर्देशानुसार प्रत्येक स्थान पर आयोजित पाठशालाओं में बीएलओ मौजूद रहे तथा निर्वाचन प्रक्रिया के बारे में जानकारी दी। इस दौरान शत-प्रतिशत मतदान की शपथ दिलवाई। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मोहम्मद अबरार पंवार ने खाजूवाला के 10 केजेडी में आयोजित पाठशाला में भागीदारी निभाई और महिलाओं को शपथ दिलाई। जिला निर्वाचन अधिकारी भगवती प्रसाद कलाल के निर्देशानुसार जिले के सातों विधानसभा क्षेत्रों में ईवीएम डेमोस्ट्रेशन वैन के माध्यम से स्कूलों और कॉलेजों में ईवीएम वीवीपेट प्रदर्शन किया गया। विभिन्न क्षेत्रों में एएलएमटी ने निर्वाचन प्रक्रिया के बारे में बताया तथा वोटर हेल्पलाइन ऐप के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि जागरूकता का यह अभियान सतत रूप से चलेगा।

### उमस के बाद झमाझम बारिश

**बीकानेर,** (कासं)। दिनभर उमस के बाद आखिरकार 6 बजने के साथ ही मौसम अचानक पलट गया। पहले आंधी फिर बारिश का दौर शुरू हो गया। इससे पहले महाजन सहित आसपास के क्षेत्र में भी करीब आधे घंटे तक तेज बारिश होने पर लोगों को गर्मी से राहत मिली। इससे पहले अंचल में दो दिन से हुई हल्की बारिश से कोई खास राहत नहीं मिल पाई है। बढ़ी उमस ने पसीने छुड़ा रखे हैं। दिन भर उमस के बाद शाम पौने छह बजे के बाद कुछ जगह बूंदाबांदी हुई तो कहीं हल्की बारिश हुई। इसके बाद उमस बढ़ गई। इससे कोई राहत नहीं मिली। वहीं बज्जू में दिनभर गर्मी व उमस के बाद देर शाम को तेज हवाओं के साथ झमाझम बरसात हुई, जिससे थोड़ी राहत मिली। किसानों के अनुसार आठ से दस अंगुल बरसात हुई। मौसम केन्द्र के अनुसार, वर्तमान में उत्तर-पश्चिमी बंगाल की खाड़ी व उडीसा तट पर परिसंचरण तंत्र बना हुआ है। इसके असर से राज्य में आगामी एक सप्ताह मानसून के सक्रिय रहने की प्रबल संभावना है। बीकानेर संभाग में भी बारिश की संभावना बनी रहेगी।

### विद्यार्थियों ने करवाये नेत्र जांच



वेटरनरी विश्वविद्यालय में आयोजित नेत्र जांच शिविर में विद्यार्थियों की आंखों की जांच करते चिकित्सक।

**बीकानेर,** (कासं)। पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान महाविद्यालय, बीकानेर में ए.एस.जी. आई. हॉस्पिटल, बीकानेर द्वारा चल दो दिवसीय मुफ्त नेत्र जांच शिविर में बुधवार को विद्यार्थियों के लिए नेत्र जांच की व्यवस्था की गई। वेटरनरी महाविद्यालय बीकानेर के अधिष्ठाता प्रो. ए.पी. सिंह ने बताया कि दो दिवसीय नेत्र जांच शिविर में विद्यार्थियों एवं महाविद्यालय कर्मचारियों की ए.एस.जी. हॉस्पिटल टीम द्वारा नेत्र विजन, नेत्र रोग निदान एवं सलाहकारी सेवाएं प्रदान की जा रही है। विद्यार्थियों को लेजर तकनीक के बारे में भी विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। बुधवार को वेटरनरी महाविद्यालय के कुल 157 विद्यार्थियों ने शिविर में नेत्र जांच का लाभ उठाया। शिविर के दौरान प्रो. हेमन्त दाधीच, निदेशक अनुसंधान, प्रो. राजेश कुमार धूड़िया, अधिष्ठाता स्नातकोत्तर अध्ययन उपस्थित थे। ए.एस.जी.आई हॉस्पिटल के सत्यनारायण, कपिल चौहान, मीरा देवी एवं सलमान खान ने शिविर में अपनी सेवाएं प्रदान की।

### 'नशा बेचने वालों पर कार्रवाई करें'

**बीकानेर,** (कासं)। जिला कलेक्टर भगवती प्रसाद कलाल ने कहा कि जिले में मादक पदार्थो के विरूद्ध सघन अभियान चलाया जायेगा। इसमें विभिन्न विभागों की सहभागिता रहेगी। जिला कलेक्टर ने बुधवार को नार्को कॉर्डिनेशन समिति की बैठक में यह निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी सीमावर्ती क्षेत्रों के लोगों को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करें और इनसे दूर रहने के लिए प्रेरित किया जाए। किसी भी स्तर पर मादक पदार्थों का सेवन पाया जाए तो सख्त कार्यवाही की जाए। उन्होंने दवाईयों की दुकानों में लगे सीसीटीवी कैमरों के बैकअप की रेंडम जांच करने के निर्देश दिए, जिससे प्रतिबंधित दवाईयों के विक्रय की जानकारी हो सके। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों की दवाईयों की दुकानों में भी औचक जांच की जाए।

## दुष्कर्मी सौतेले पिता को 10 साल की सजा

- दो साल तक किया था नाबालिग बेटी का रेप, बेटी ने बना ली थी वीडियो

**अनूपगढ़,** (कासं)। पॉक्सो कोर्ट ने दुष्कर्म के एक मामले में आरोपी सौतेले पिता को 10 वर्ष की कैद और 40 हजार रूपये का जुर्माना लगाया है। पॉक्सो कोर्ट के न्यायाधीश सुरेन्द्र खरे ने दोनों पक्षों की दलीलों को सुनने के बाद आरोपी सौतले पिता को दोषी मानते हुए यह सजा सुनाई है।

मामले में आरोपी पिता के खिलाफ मामला अनूपगढ़ निवासी समाजसेवी एडवोकेट दिनकर पारीक और सोमदत्त कचौरिया ने घड़साना पुलिस थाना में दर्ज करवाया था। जनवरी 2020 में दर्ज करवाए मामले के अनुसार पारीक ने लिखवाया था कि उन्हें अज्ञात नम्बरों से सूचना मिली थी कि 6 जीडी निवासी एक व्यक्ति अपनी सौतेली नाबालिग पुत्री (14) के साथ पिछले करीब 2 वर्षों से जबरदस्ती दुष्कर्म कर रहा है और मानसिक रूप से प्रताड़ित कर रहा है। लड़की ने मोहल्ले में कई महिलाओं को बताया लेकिन महिलाओं ने आपसी घर का मामला होने की वजह से बीच में नहीं पड़ने और रंजिश होने के डर से आगे कोई बात नहीं कही।

पारीक ने लिखवाया था कि उन्हें मिली सूचना के अनुसार उन्होंने पुलिस थाना घड़साना में मौखिक सूचना देकर पीडिता बालिका को दुष्कर्मी पिता के चंगुल से निकालकर लाने के लिए सुचना दी थी। उक्त लड़की ने अपने साथ घटित घटना की दो तीन वीडियो क्लिप भी बनाई थी। उन्होंने आरोप लगाया था कि दुष्कर्मी पिता ने अपनी सौतेली पुत्री को घर में बंधक बनाकर इसके साथ जबरदस्ती दुष्कर्म करता आ रहा है। पीड़िता के विरोध करने पर उसके साथ मारपीट भी करता रहा है।

पीड़िता की माता मानसिक रूप से भोली और मंदबुद्धि है। समाजसेवी पारीक की रिपोर्ट के आधार पर मामला दर्ज कर अनुसंधान करते हुए पुलिस ने आरोपी को गिफ्तार कर चार्जशीट पेश की थी। पीड़िता की तरफ से मामले की पैरवी विशिष्ठ लोक अभियोजक गुरचरण सिंह रूमाना ने की है।

न्यायालय की तरफ से दोनों पक्षों की दलीलें सुनकर पीड़िता के पक्ष में फैसला सुनाया। लोक अभियोजक गुरचरण सिंह रमना ने बताया कि पीड़िता की तरफ से बनाया गया वीडियो क्लिप ने दुष्कर्मी सौतेले पिता को सजा दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। न्यायधीश ने साक्ष्यों के आधार पर फैसला सुनाते हुए 10 वर्ष की सजा सजा सुनाई है।

## वेटरनरी कॉलेज में प्रवेश रजिस्ट्रेशन शुरू

**बीकानेर,** (कासं)। वेटरनरी विश्वविद्यालय के सक्षम अनुमति प्राप्त संघटक एवं समबद्ध वेटरनरी कॉलेजों में उपलब्ध कोटा सीटों पर साढ़े पांच वर्षीय बी.वी.एस.सी. एण्ड ए.एच. डिग्री पाठ्यक्रम (सत्र 2023-24) में प्रवेश आवंटन हेतु ऑनलाइन काउंसलिंग रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया 19 जुलाई से 18 अगस्त तक जारी रहेगी।

चेयरमैन केन्द्रीय स्नातक प्रवेश मण्डल प्रो. ए.पी. सिंह ने बताया कि ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया उपरान्त बनी नीट (यू.जी.) 2023 की मेरिट एवं इन प्रवेश पर लागू राज्य सरकार की आरक्षण नीति के अनुसार सीटों की उपलब्धता के आधार पर संघटक एवं सम्बद्ध वेटरनरी महाविद्यालयों में प्रवेश सुनिश्चित किये जायेंगे। ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन शुल्क, महाविद्यालय में उपलब्ध सीटों का विवरण, फीस एवं अन्य विस्तृत जानकारी विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर उपलब्ध है।

## पुलिस कर्मियों से मारपीट करने वाले गिरफ्तार

- अवैध शराब बेचने पर कार्रवाई करने गए जसरासर थाने के पुलिसकर्मियों पर हमला कर वर्दी फाड़ने का मामला

**नोखा,** (कासं)। नोखा वृत के जसरासर थाना पुलिस ने राजकार्य में बाधा डालकर मारपीट करने के दो आरोपियों को गिरफ्तार किया।

जसरासर थानाधिकारी जगदीश प्रसाद पांडर ने प्रेसनोट जारी कर बताया कि बताया कि 16 जुलाई को एएसआई भागीरथ राम मय जाब्ता के ग्राम मेउसर में भंवर सिंह के द्वारा अवैध शराब बेचने की सूचना पर मदन सिंह के घर के आगे पहुंचकर कार्यवाही शुरू की तो आरोपी भंवर सिंह व महेन्द्र सिंह ने एक राय होकर पुलिस जाब्ता के साथ मारपीट कर राजकार्य में बाधा उत्पन्न की व पुलिसकर्मियों की वर्दी फाड़ दी।

जिस पर मामला दर्ज कर जांच थानाधिकारी द्वारा शुरू की गई। मामले की गंभीरता को देखते हुए एसपी तेजस्विनी गौतम ने पुलिस कर्मियों के साथ मारपीट करने वाले आरोपियों के खिलाफ शीघ्र कार्यवाही करने के निर्देश दिए। जिस पर नोखा सीओ भवानी सिंह इन्दा, थानाधिकारी ईश्वर प्रसाद जांगिड, जसरासर थानाधिकारी जगदीश प्रसाद पांडर के नेतृत्व में टीम गठित की। जिस पर टीम ने त्वरित कार्यवाही करते हुए दो आरोपियों मेउसर निवासी पवन सिंह व गुमान सिंह को गिरफ्तार किया गया। दोनों से पुलिस पूछताछ कर रही है। कार्यवाही में नोखा थाना अधिकारी ईश्वर प्रसाद मय टीम, जसरासर थानाधिकारी जगदीश प्रसाद पांडर, एसआई खियाराम शामिल थे।

## ड्राइविंग लाइसेंस बनवाना अब महंगा

- आवेदक को अब 250 रुपए अतिरिक्त देने होंगे

**बीकानेर,** (कासं)। ऑटोमैटिक ड्राइविंग ट्रैक पर अब ड्राइविंग लाइसेंस बनवाना महंगा हो गया है। ट्रैक पर टू और फॉर व्हीलर का ट्रॉयल देने वाले आवेदक को अब 250 रूपये अतिरिक्त देने होंगे। फीस में बढ़ोतरी ट्रैक के यूजेज चार्जेज के रूप में आवेदकों से वसूल की जायेगी।

बढ़ी हुई फीस प्रदेश के 12 जिलों में लागू होगी। क्योंकि यहां पर ऑटोमेटिक ड्राइविंग टेस्ट के लिए तीन साल पहले ट्रैक बनाये गए थे। बीकानेर व सीकर में निर्मित ट्रैक का कांट्रेक्ट पूरा हो चुका है। बाकी जगहों पर अगस्त तक कंपलीट हो जायेगा। डीटीओ अक्षय बिश्नोई ने बताया कि टू व्हीलर के लाइसेंस के लिए 100 और फॉर व्हीलर के लाइसेंस के वास्ते 150 यानि दोनों व्हीकल के लाइसेंस के 250 रूपये अतिरिक्त देने होंगे।

अभी परमानेंट लाइसेंस के लिए पुरूष से एक हजार और महिला से 900 रूपए लिए जाते हैं। वहीं लर्निंग लाइसेंस के लिए पुरूष को 350 और महिला को दो सौ रूपये फीस देनी होती है। गौरतलब है कि फर्म ने बीकानेर में वर्ष 2021 में ऑटोमेटेड ड्राइविंग टेस्ट ट्रैक का निर्माण किया था। 23 अगस्त तक सभी जगहों पर ट्रैक का कांट्रेक्ट पूरा हो जायेगा।

## भाजपाईयों का धरना आज

**बीकानेर,** (कासं)। भारतीय जनता पार्टी शहर जिला बीकानेर भाजपा जनप्रतिनिधि, पदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष, मोर्चा अध्यक्ष के साथ भाजपा कार्यकर्ता गुरूवार को भाजपा बीकानेर शहर जिलाध्यक्ष विजय आचार्य की अगुवाई में बीकानेर गांधी पार्क में सुबह 10:30 बजे से 12:30 बजे तक धरना दिया जायेगा।

भाजपा जिलाध्यक्ष विजय आचार्य में बताया कि 'नहीं सहेगा राजस्थान' अभियान को लेकर पूरे प्रदेश की हर विधानसभा में अभियान चलाया जा रहा है। कांग्रेस सरकार के पांच साल का रिकॉर्ड यह है कि गहलोत सरकार ने राजस्थान में भ्रष्टाचार का रिकॉर्ड बनाने का काम किया है। अभियान संयोजक महामंत्री मोहन सुराणा ने बताया कि गहलोत सरकार ने अत्याचार करने का रिकॉर्ड बनाया है।

## बेटी का वीडियो वायरल करने की धमकी, मुकदमा दर्ज

- बेटी का वीडियो वायरल करने और एससी/एसटी के मुकदमे में बेटे को फंसाने की धमकी देकर परिवार को परेशान करने का आरोप

**नोखा,** (कासं)। बेटी का वीडियो वायरल करने और एससी/एसटी के मुकदमे में फंसाने की धमकी देकर परिवार को परेशान करने का आरोप लगाते हुए एक महिला ने नोखा थाने में देर रात मुकदमा दर्ज करवाया।

पीड़ित महिला ने बताया कि 17 जुलाई को वह और उसकी बेटी घर पर अकेली थी। उसके पति गाड़ी लेकर बाहर गए हुए थे। उसका बेटा भी बाहर गया हुआ था। इस दौरान रासीसर निवासी श्रीचन्द मेघवाल उसके घर के आगे आया और घर में पत्थर फेंके। जिसके बाद वह और उसकी बेटी भागकर कमरे के अंदर चले गए।

इस दौरान पत्थर उसके बाथरूम के दरवाजे और छत पर लगे पाइप पर लगे जिससे पाइप टूट गया। इससे पहले 16 जुलाई को भी आरोपी ने घर के उपर पत्थर फेंके।

महिला ने अपनी रिपोर्ट में बताया कि पिछले 6 महीने से श्रीचंद उसके और पुत्र और पति के नंबर पर अलग अगल अज्ञात नम्बरों से फोन कर गलत और अपशब्द बोलता है और गंदी गालियां निकालता है। साथ ही धमकी देता है कि तुम्हारी बेटी की रिकॉर्डिंग, फोटो विडियो आदि मेरे पास हैं। ये फोटो और वीडियो वायरल कर मैं तुम्हें बदनाम कर दूंगा। तुम कहीं भी मुंह दिखाने लायक नहीं रहोगे।

साथ ही आरोपी ने धमकी दी कि वह एससी/एसटी का मुकदमा दर्ज कर जेल भिजवा देगा। जिससे तुम्हारा बेटा कभी नौकरी नहीं लग सकेगा। पीड़िता ने रिपोर्ट दी है कि इस तरह श्रीचंद कई दिनों से उनके परिवार को परेशान कर रहा है। पीड़िता की रिपोर्ट पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## हनुमानगढ़ में घग्घर नदी उफान पर, खेतों में पानी भरने से फसलों को नुकसान

- गांव चक 23 व 26 को प्रशासन ने खाली करने के आदेश भी दे दिए हैं
- दोनों ही गांव भाजपा के गढ़ रहे हैं आपदा के समय वर्तमान विधायक ने अभी तक सुध नहीं ली



हनुमानगढ़ में घग्घर नदी में भारी मात्रा में पानी की आवक होने से खेतों में फसलें डूब गई।

**हनुमानगढ़,** (निसं)। जिले में घग्घर नदी में पानी की भारी आवक से लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। हिमाचल, पंजाब व हरियाणा में घग्घर नदी के पानी से भारी तबाही हुई है। खेतों में खड़ी हजारों बीघा फसल बर्बाद हो चुकी है।

हरियाणा के ओटू हैड से 23000 क्यूसेक पानी हनुमानगढ़ जिले में प्रवेश कर चुका है। इसकी कुछ मात्रा इंदिरा गांधी नहर में छोड़ी गई है। इसके अलावा सेम नाला में अधिक पानी छोड़ा जा रहा है जिससे नाली बैड में कम पानी छोड़ा जा सके ताकि बाढ़ की स्थिति को नियंत्रित किया जा सके। जिला कलेक्टर रूक्मणि रियार ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्र में दिन रात एक किया हुआ है। रियार के अथक प्रयासों के कारण स्थिति नियंत्रण में है।

रियार रोजाना बाढ़ प्रभावित क्षेत्र का दौरा कर रही है व पूरे प्रशासन को अलर्ट मोड पर रखा हुआ है। करणीसर सहजीपुरा में घठा नदी टूट गई। पीलीबंगा से विधायक धर्मेन्द्र मोची ने अभी तक घग्घर नदी से प्रभावित क्षेत्र का दौरा भी नहीं किया है। इससे लोगों व किसानों में काफी रोष व्याप्त है। गांव चक 23 व 26 को प्रशासन ने खाली करने के आदेश भी दे दिए हैं। लोगों के रहने व खाने की व्यवस्था पीलीबंगा में राहत कैम्प में की गई है। दोनों ही गांव भाजपा के गढ़ रहे हैं। आपदा के समय वर्तमान विधायक द्वारा सुध नहीं लेने का खामियाजा आगामी चुनाव में भाजपा को उठाना पड़ सकता है। गत चुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी रहे विनोद गोठवाल ने भी अभी तक प्रभावित क्षेत्र का दौरा नहीं किया है।

## पदोन्नति के लिए को-ऑपरेटिव बैंक कर्मियों का धरना



बीकानेर में मांगों को लेकर को-ऑपरेटिव बैंक कर्मियों ने धरना दिया।

**बीकानेर,**(कासं)। मांगों को लेकर को-ऑपरेटिव बैंक कर्मियों ने धरना दिया।

धरना ऑल राजस्थान को-ऑपरेटिव बैंक ऑफिसर्स एसोसिएशन व ऑल राजस्थान को-ऑपरेटिव बैंक एम्पलाइज यूनियन यूनिट बीकानेर के द्वारा शीर्ष बैंक, केन्द्रीय सहकारी बैंकों एवं प्राथमिक सहकारी भूमि विकास बैंकों का अति लम्बित 01 जनवरी 2019 से देय 16वां वेतन समझौते को अविलम्ब लागू किये जाने, बैंक के रिक्त पदों पर भर्ती करने, ओल्ड पेंशन स्कीम लागू करनें एवं सभी संवर्ग के कार्मिकों की पदोन्नति करने के संबंध में प्रान्तीय संगठन महासचिव सूरजभान सिंह आमेरा के द्वारा जारी किये गये राज्यव्यापी आन्दोलन के कार्यक्रमानुसार आज दी सैन्ट्रल को-ऑपरेटिव बैंक लि., बीकानेर के प्रधान कार्यालय में एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया गया। जिसमें को-ऑपरेटिव बैंक ऑफिसर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष सत्येन्द्र बिश्नोई, एम्पलाइज यूनियन के अध्यक्ष मोहम्मद आफताब एवं केन्द्रीय सहकारी बैंक के अतुल माथुर, रविन्द्र चारण, सुभाश चौधरी, भूपेन्द्र सिंह, नागरमल, कमलेश तिवाड़ी, प्रदीप सागर, मानवेन्द्र पड़िहार, रामस्वरूप बिश्नोई एवं सेवानिवृत कर्मचारी अरविन्द रंगा व प्रदीप चौपड़ा शीर्ष बैंक शाखा बीकानेर के मूलचन्द व महेन्द्र , भूमि विकास बैंक के बृजलाल गहलोत, ईफ्तेखार, मकसुद , बृस्पति बिश्नोई राजवीर सिंह व रामफूल मीणा आदि कर्मचारी अधिकारी उपस्थित रहे।

# घग्घर सायफन पर बढ़ रही पानी की आवक का कलेक्टर ने जायजा लिया

**हनुमानगढ़,** (कासं)। घग्घर में लगातार पानी की आवक बढ़ रही है। जीडीसी और नाली बैड अपनी पूर्ण क्षमता के साथ बह रही है। प्रशासन की व्यवस्थाएं चाक-चौबंद है तथा लगातार तटबंधों कि मॉनिटरिंग की जा रही है। घग्घर सायफन पर बढ़ रही पानी की आवक के मद्देनजर जिला कलेक्टर मौके पर लगातार निरीक्षण कर रही है। बुधवार को कलेक्टर रूक्मणि रियार ने आरडी 98, आरडी 108, आरडी 133 और आरडी 158 का निरीक्षण किया। तटबंधों पर लगातार चौकसी करने और प्रभावी मॉनिटरिंग के निर्देश दिए।

जिला कलेक्टर ने कहा कि अभी ओटू हैड से 35 हजार क्यूसेक पानी आ रहा है। सरदुलगढ़ में पानी संतुलित हुआ है। घग्घर सायफन में 22 हजार क्यूसेक से अधिक पानी प्रवाहित हो रहा है। जिसको जीडीसी, नाली बैड, आईजीएनपी में तीन जगह डायवर्ट किया जा रहा है। आईजीएनपी में 3 हजार क्यूसेक से अधिक पानी चल रहा है, जिससे जीडीसी और नाली बैड पर दबाव कम हो रहा है। अभी स्थिति नियंत्रण में है।

कलेक्टर ने अपील करते हुए बताया कि हम नियंत्रण रखने का पूरा प्रयास कर रहे हैं। प्रशासन पूरा मुस्तैद है, कहीं भी आवश्यकता हो आप हमें सूचना दें। हम पूरा प्रयास करेंगे कि कोई दिक्कत ना हो। निचले बहाव क्षेत्र के निवासियों को पिछले 5 दिन से लगातार अपील की जा रही कि वहां से आमजन प्रस्थान कर रहे हैं। बुधवार को रावतसर की चार ढाणियों 4 एसपीडीए, 2 केबीएम, 2 केएलडबल्यू, 2 जेडडब्लूएम को भी अति संवेदनशील में चिन्हित किया गया है, जो निचले बहाव क्षेत्र में है। हालांकि काफी संख्या में लोग शिफ्ट हो गए हैं परंतु बचे हुए लोगों से अपील है कि निचले बहाव क्षेत्र को खाली कर दें और राहत केन्द्रों में शिफ्ट हो जाए।

एसडीएम भादरा शकुंतला चौधरी को रावतसर की चारों ढाणियों के लिए नियुक्त किया गया है कि वहा विजिट करें। टिब्बी, हनुमानगढ़ और पीलीबंगा के निचले बहाव क्षेत्र के लोगों को लगातार शिफ्ट किया जा रहा है।



हनुमानगढ़ कलेक्टर रूक्मणि रियार सियाग ने आरडी 98 से टेल आरडी 158 तक अधिकारियों के साथ निरीक्षण किया।

- **तटबंधों पर लगातार चौकसी करने और प्रभावी मॉनिटरिंग के निर्देश दिए**
- **घग्घर सायफन में 22 हजार क्यूसेक से अधिक पानी प्रवाहित हो रहा है**

चीफ इंजीनियर अमरजीत सिंह मेहरड़ा ने बताया कि पीछे से पानी लगातार बढ़ रहा है और भी पानी के बढ़ने की संभावना है। घग्घर डायवर्जन में पिछले सालों में 8 हजार क्यूसेक पानी चलाया गया था। इस बार इसकी क्षमता 13 हजार क्यूसेक की आंकी गई थी। परंतु ग्राम पंचायतों से अच्छा सहयोग मिलने से इसकी क्षमता बढ़ाते हुए 14 हजार क्यूसेक पानी इसमें चलाया जा रहा है। नाली बैड में फिलहाल 5700 क्यूसेक पानी चल रहा है। जिसको धीरे-धीरे बढ़ाते हुए बुधवार शाम तक 6 हजार क्यूसेक तक बढ़ाया जायेगा।

मेहरडा ने बताया कि अधिक मात्रा में पानी बढ़ने पर प्लानिंग के तहत पानी को डायवर्ट किया जायेगा। पानी के तेज बहाव के साथ इंदिरा गांधी में पानी का बहाव बढ़ेगा। निचले बहाव क्षेत्र के लोगों को आगाह किया जा रहा है। प्रशासन ने पूरी तैयारी कर रखी है। जीडीसी निरीक्षण हेतु जिला स्तरीय अधिकारियों को लगाया गया है जो रात्रि कालीन निरीक्षण करेंगे। बुधवार को ओटू हैड पर 36,425 क्यूसेक, घग्घर साइफन में 19,797 क्यूसेक, आरडी 629 से आईजीएनपी में 3233 क्यूसेक सहित राजस्थान में 23,030 क्यूसेक पानी प्रवाहित हो रहा है।

## आबादी भूमि का ड्रोन सर्वे करवाने की मांग

**हनुमानगढ़,** (कासं)। जिले के नोहर के चक 12 डीपीएन गोरखटीला निवासियों ने कलेक्टर के नाम रामगढ़ नायब तहसीलदार को ज्ञापन सौंपकर चक 12 डीपीएन गोरक्ष टीला गोगामेड़ी आबादी भूमि का स्वामित्व योजना के तहत ड्रोन सर्वे करवाने व 16 अगस्त 2000 के निर्णय को निरस्त कर इन्तकाल दुरूस्त करने की मांग की है।

ज्ञापन में बताया कि ग्राम पंचायत गोगामेड़ी के चक 12 डीपीएन गोरख टीला आबादी है। इस चक के लोग सदियों से स्थायी निवास कर रहे हैं तत्कालीन ग्राम पंचायत द्वारा सभी घरों के आवासीय पट्टा सन 1961 से 1988 के दौरान जारी किए गए हैं। जो सैटलमेंट के दौरान आबादी भूमि 12 डीपीएन आरक्षित की गई है। परन्तु 16 अगस्त 2000 को एसडीएम नोहर द्वारा एक तरफा निर्णय लेते हुए 18 अगस्त 2000 को आदेश जारी किया गया। इसकी पालना में 19 अगस्त 2000 को टीडीआर नोहर ने आदेश जारी कर चक 12 डीपीएन एवं 11 डीपीएन की 57 बीघा गैर मुमकीन आबादी भूमि को गैर मुमकीन गैर आवासीय आबादी भूमि मेला ग्राउंड गोगाणा कर दिया।

इस निर्णय में 15 बीघा आबादी भूमि जिस पर गांव के सैकड़ों लोग सैकड़ों वर्षों से परिवार सहित आज भी निवास करते हैं। इस आदेश से पूर्व ग्राम पंचायत द्वारा पट्टे जारी किए गए है और ग्रामीणों ने बिजली-पानी के कनेक्शन ले रखे हैं।

# घड़साना में सिंचाई के पानी पर सियासत

**अनूपगढ़,** (कासं)। अनूपगढ़ क्षेत्र के किसान घडसाना में नहरों में सिंचाई पानी की मांग को लेकर आंदोलन कर रहे हैं। वहीं एआईसीसी के सचिव और जिला प्रमुख कुलदीप इंदौरा ने बीती रात नहरों में कांग्रेस सरकार के द्वारा नहर में पानी छोड़ने का दावा किया है।

वहीं आंदोलन कर रही बीजेपी, माकपा और आम आदमी पार्टी के पदाधिकारियों ने कांग्रेस पर आरोप लगाया है कि सभी मिलकर सिंचाई पानी की मांग को लेकर प्रशासन का घेराव करने वाले हैं और राजस्थान सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। इसलिए सरकार ने आंदोलन से डरकर नहरों में सिंचाई पानी छोड़ा है। मगर जो पानी छोड़ा गया है वह काफी कम मात्रा में है। इससे किसानों की फसल को नहीं बचाया जा सकता।

सिंचाई पानी की मांग को लेकर घड़साना में भाजपा, माकपा आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं के द्वारा किसानों के साथ मिलकर एक बैनर के तले आंदोलन किया जा रहा है। आज आंदोलन के तहत संघर्ष समिति प्रशासन का घेराव करने वाली है और धरना स्थल पर वक्ताओं ने राजस्थान सरकार को सिंचाई पानी नहीं देने पर जमकर कोसा। वक्ताओं ने राजस्थान सरकार पर किसानों को सिंचाई पानी नहीं देने और किसानों को बर्बाद करने का आरोप लगाया है।

भाजपा, माकपा और आम आदमी पार्टी के पदाधिकारियों ने आंदोलन स्थल पर कांग्रेस सरकार पर आरोप लगाए हैं। वक्ताओं ने कहा कि राजस्थान सरकार किसानों के आंदोलन से डर गई है और आंदोलन को दबाने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि किसानों को लुभावने के लिए सरकार के द्वारा बीती रात नहरों में मात्र 900 क्यूसेक पानी छोड़ा गया है। जबकि 2500 से पानी छोड़ा जाना चाहिए था। राजस्थान सरकार किसानों के साथ अन्याय कर रही है। आंदोलनकारियों ने प्रशासन और सरकार को चेतावनी दी है कि अगर सरकार किसानों को उनके हक का पानी नही देती है तो प्रशासन को पूरी तरह ठप किया जायेगा।

- **जिला प्रमुख कुलदीप इंदौरा ने बीती रात नहरों में पानी छोड़ने का दावा किया**
- **भाजपा, माकपा और आम आदमी पार्टी के पदाधिकारियों ने आंदोलन से डरकर पानी छोड़ने का आरोप लगाया**

# तकनीकी विश्वविद्यालय में डिजिटल मूल्यांकन व्यवस्था लागू

**बीकानेर,**(कासं)। राजस्थान प्रदेश के तकनीकी शिक्षा के क्षेत्र के विद्यार्थियों को बीकानेर तकनीकी विश्वविद्यालय नई सौगात देने जा रहा है।

जनसंपर्क अधिकारी विक्रम राठौड़ ने बताया कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति की मंशानुरूप विश्वविद्यालय द्वारा परीक्षा प्रणाली की सशक्तिकरण की दिशा में कार्य करते हुए प्रदेश में प्रथम बार तकनीकी विश्वविद्यालय में डिजिटल मूल्यांकन व्यवस्था को लागू कर दिया गया हैं।

वर्तमान प्रौद्योगिकी के नवीनतम तकनीकों का उपयोग कर परीक्षा प्रणाली में सुधारों का क्रियान्वयन करने वाला यह प्रदेश का प्रथम तकनीकी विश्वविद्यालय बन गया हैं। कुलपति प्रो. अम्बरीष शरण विद्यार्थी ने कहा कि बीकानेर तकनीकी विश्वविद्यालय द्वारा नवीनतम प्रौद्योगिकी को अपना कर परीक्षा प्रणाली में अपेक्षित सुधारों के साथ विद्यार्थियों को लाभान्वित करने का सार्थक प्रयास किया गया हैं। उच्च शिक्षा के अत्यधिक प्रतिस्पर्धी परिदृश्य में निष्पक्ष, त्रुटि रहित और त्वरित मूल्यांकन प्रथाएं और समय पर परीक्षा परिणाम वितरण बहुत जरूरी है, जो कि वर्तमान में प्रचलित पारंपरिक परीक्षा प्रणाली में संभव नहीं है।

- **परीक्षाओं में डिजिटल मूल्यांकन लागू करने वाला बीटीयू बना प्रदेश का प्रथम तकनीकी विश्वविद्यालय**

विश्वविद्यालयों और उच्च शिक्षा संस्थानों में डिजिटल मूल्यांकन प्रणाली सफल परिणामों से तेजी से लोकप्रिय हो रही है। परंपरागत मूल्यांकन की पारंपरिक पद्धति समय लेने वाली है, त्रुटियों की संभावना है और अक्सर अतिरिक्त संसाधनों की आवश्यकता होती है। उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन की प्रक्रिया को निर्बाध और त्रुटियों से मुक्त बनाने के लिए ऑनस्क्रीन डिजिटल मूल्यांकन प्रणाली मूल्यांकन की सटीकता को बढ़ाएगी और त्वरित परीक्षा परिणामों के नवीन अवसर सृजित करेगी। डिजिटल मूल्यांकन प्रणाली का उपयोग करके कम समय में अधिक संख्या में उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन किया जा सकता है।

मैन्युअल मूल्यांकन की तुलना में डिजिटल मूल्यांकन में त्रुटियों की संभावना कम होती है। डिजिटल मूल्यांकन प्रणाली का उपयोग मूल्यांकन प्रक्रिया को बहुत सरल और बेहतर बनाता है और यह प्रणालियां अधिक कुशल, सुरक्षित और सटीक हैं। डिजिटल मूल्यांकन से देश में समग्र परीक्षा प्रणाली में बदलाव आने की उम्मीद है। क्योंकि इससे मिलने वाली पारदर्शिता से छात्रों को लाभ होना तय है, जिससे छात्रों के आत्मविश्वास में वृद्धि होगी।

परीक्षा नियंत्रक डॉ. मुकेश जोशी ने बताया कि ऑनस्क्रीन मार्किंग प्रणाली के तहत उत्तर पुस्तिकाओं को पहले विश्वविद्यालय में स्कैन किया जाता है और फिर पुस्तिकाओं को डेटा सेंटर में सुरक्षित स्थानांतरित किया जाता है। ऑनस्क्रीन मूल्यांकन प्रणाली के लिए सभी उत्तर पुस्तिकाओं की स्कैनिंग होती है जिन्हें बाद में सर्वर पर अपलोड किया जाता है।

## नरमा-कपास में सफेद मक्खी का प्रकोप

**श्रीगंगानगर,** (कासं)। नमी व उमस से अब फसलों में कीट रोग का प्रकोप बढ़ना शुरू हो गया है। ऐसे में किसानों की चिंता भी बढ़नी शुरू हो गई है। जिले में अब जहां तक बारिश नहीं हुई है वहां खेतों में नरमा-कपास की फसल में थ्रीप्स का प्रकोप देखा गया है।

बारिश के बाद जहां उमस व नमी का प्रभाव है। उन खेतों में खड़ी फसल में सफेद मक्खी व गुलाबी सुंडी का प्रकोप प्रारंभिक अवस्था में पाया गया है। फसलों में कीट रोग प्रकोप की प्रारंभिक अवस्था को देखते हुए कृषि अधिकारियों ने किसानों को नीम आधारित दवाओं का उपयोग करने एवं विभागीय सलाह के अनुसार उपचार करने की सलाह दी है। नरमा-कपास की फसलों में कीट रोग के प्रकोप को देखते हुए कृषि विभाग के अधिकारी भी अलग-अलग क्षेत्रों में खेतों में पहुंचकर कीट रोग प्रकोप की स्थिति का जायजा ले रहे हैं। सादुलशहर, सूरतगढ़, श्रीगंगानगर, रायसिंहनगर एवं श्रीविजयनगर क्षेत्र के खेतों में जहां बारिश हुई है वहां सफेद मक्खी व गुलाबी सुंडी का प्रकोप प्रारंभिक अवस्था में देखा गया है।

# महिला से मांगी अस्सी लाख की फिरौती

**बीकानेर,** (कासं)। अपराधियों के हौंसले दिन ब दिन बढ़ते जा रहे हैं। अब स्वयं को रोहित गोदारा गैंग से बताने वाले एक युवक ने महिला को फोन करके अस्सी लाख रूपये की फिरौती मांगी है। धमकी दी है कि अगर रूपयों की व्यवस्था नहीं हुई तो बच्चों का किडनेप कर लेंगे।

महिला ने जयनारायण व्यास कॉलोनी को सूचना देकर एफआईआर दर्ज कराई है। अब पुलिस फिरौती मांगने वाले युवक की पड़ताल कर रही है। बीकानेर में नापासर के पास ही स्थित खारड़ा गांव की रहने वाली महिला झमकु देवी यहां किराये का कमरा लेकर बच्चों को पढ़ा रही है। उसके पति लक्ष्मीनारायण सारस्वत ट्रांसपोर्ट का काम करते हैं। झमकु के दो बच्चे यहां कोचिंग कर रहे हैं।

जयनारायण व्यास कॉलोनी थानाधिकारी महावीर ने बताया कि जिस नंबर से झमकु देवी को कॉल किया गया था, उसकी छानबीन हो रही है। खुद को रोहित गोदारा गैंग का सदस्य बताते हुए बच्चों के अपहरण की धमकी दी गई है। मामले को गंभीरता से लेते हुए कार्रवाई की जा रही है। घटना की जानकारी मिलने पर उच्चाधिकारी भी इस मामले में सक्रिय हो गए हैं। पुलिस की साइबर टीम इस मामले में कार्रवाई कर रही है। कॉल करने वाले की लोकेशन के साथ ही कॉल डिटेल के आधार पर पुलिस आगे से आगे कार्रवाई कर रही है। जिस महिला से अस्सी लाख रूपयों की फिरौती मांगी गई है। उनका परिवार सामान्य बिजनेस करता है।

- **फोन करने वाले ने खुद को रोहित गोदारा गैंग से बताया तथा रूपये नहीं देने पर बच्चों के किडनेप की धमकी दी**
- **पुलिस फिरौती मांगने वाले युवक की पड़ताल कर रही है**

## सार-समाचार

### जयंती पर मंगल पांडे को याद किया



आज़ादी संग्राम के प्रथम नायक अमर शहीद मंगल पांडे की जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित कर याद किया।

**बीकानेर,** (कासं)। शाकद्वीपीय मग ब्राह्मण (पुजारी सेवक) समाज और मंगल पांडे स्मारक समिति की तरफ से आज आजादी आंदोलन के प्रथम नायक अमर शहीद मंगल पांडे की 195 वी जयंती पर रानी बाजार पुल के पास मंगल पांडे सर्किल पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। स्मारक समिति की सदस्य और वरिष्ठ समाजसेवी कामिनी विमल भोजक मैया ने कहा की जो व्यक्ति अपने वतन के लिए जीता है जिसके लिए उसकी देश की धार्मिक और एकता की भावना का मान सर्वोच्च होता है। वो वतन की हिफाजत के लिए अपने तन की परवाह भी नहीं करता ऐसे ही वीर पुरुष थे अमर शहीद मंगल पांडे। वरिष्ठ समाजसेवी आर के शर्मा ने कहा की अपने देश और धर्म की रक्षा की खातिर बिना संसाधनों के अंग्रेजी हुकूमत से लोहा लेना बगावत करना ये मंगल पांडे जैसे वीर योद्धा ही कर सकते थे। वरिष्ठ समाज सेवी पुरषोत्तम सेवक ने कहा कि मंगल पांडे ना सिर्फ स्वतंत्रता सेनानी थे वरन वे ऐसे महापुरुष हुए जिन्होंने पूरे देश मे आज़ादी की अलख जगा दी। क्योकि आजादी के लिए लड़ना मंगल पांडे ने ही सिखाया। समिति द्वारा मंगल पांडे सर्किल पर बेहतरीन प्रकाश व्यवस्था करवाने में सहयोग करने वाले राजेंद्र शर्मा का शाल माला श्रीफल और मोमेंटो भेट कर अभिनंदन किया गया इस अवसर पर मनोज कुमार शर्मा, राजेंद्र शर्मा, ऋषिराज शर्मा,जय कुमार शर्मा, खुश भोजक, पुलकित, नताशा वत्सस नरेंद्र, दिनेश, जैनेन्द्र, सहित समाज के गणमान्य जन मौजूद थे।

### बारिश में सड़क निर्माण कार्य पर रोक

**हनुमानगढ़,** (कासं)। बारिश के मौसम और संभावित बाढ़ के मद्देनजर नगर परिषद प्रशासन ने शहर में प्रस्तावित सीवरेज और सड़कों के निर्माण कार्य पर एक बार ब्रेक लगा दी है। इसको लेकर नगर परिषद आयुक्त सुभाष बंसल ने अभियंताओं के साथ ही संबंधित ठेकेदार फर्मों को निर्देश दिए हैं। बता दें कि बारिश में सड़कों के उखड़ने का खतरा रहता है। हाल ही में सिविल लाइंस सहित विभिन्न एरिया में सीवरेज और सड़क निर्माण के कारण कई जगह सड़कों पर खुदाई कर दी गई थी। इससे लोगों की आवाजाही प्रभावित हो रही थी। वहीं बारिश के समय खुदाई की गई सड़कों पर हादसे की आशंका रहती है। घग्घर में पानी की आवक बढ़ने से बाढ़ की आशंका है जिसमें प्रशासन के साथ ही नगर परिषद की टीम जुटी हुई है। परिषद के अभियंताओं को भी बाढ़ से बचाव के लिए मुस्तैद कर दिया गया है।

# नोखा मोठ मंडी में गंदगी से परेशान

**नोखा,** (कासं)। एशिया की सबसे बड़ी मोठ मंडी में गंदगी के अंबार से रहना मुश्किल हो गया है। दुर्गंध से व्यापारी व किसान खासे परेशान हैं। नोखा कृषि उपज मंडी परिसर में व्याप्त गंदगी के बीच किसान अपनी जिंस को बेचने और व्यापारी उसे खरीदने को विवश हैं। कृषि मंडी में फैली गंदगी और कचरे के लगे ढेर से बीमारियां फैलने की आशंका बनी है।

हालात ऐसे हैं कि कृषि मंडी में उचित सफाई नहीं होने से परिसर में जगह-जगह गंदगी फैली है और कचरे के ढेर लगे हुए हैं। नालियों में पानी निकासी की सही व्यवस्था नहीं होने से उनमें कचरा व गंदा पानी भरा है। नालियों में मच्छर पैदा होने के साथ ही दुर्गन्ध आ रही है। मंडी में हल्की बारिश होते ही जल भराव हो जाता है, जिससे लोगों को आवागमन में परेशानी का सामना करता पड़ता है। साथ ही कीचड़ के कारण मंडी में फिसलन भी बनी रहती है। मंडी की अव्यवस्था को लेकर व्यापारियों में आक्रोश है। व्यापारियों का कहना है कि मंडी को लक्ष्य से दोगुना राजस्व प्राप्त हो रहा है। इसके बावजूद यहां पर मंडी का विकास करना तो दूर, मूलभूत सुविधाओं का टोटा है। समस्याओं को लेकर कई बार मंडी सचिव को अवगत करा चुके हैं।

## मोनिका जाट व पंकज इलेक्शन आइकन

**बीकानेर,** (कासं)। अंतर्राष्ट्रीय साइकिल धावक मोनिका जाट और राष्ट्रीय पैरा स्वीमर पंकज कुमार डिस्ट्रिक्ट इलेक्शन आइकन होंगे। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बुधवार को इस संबंध में आदेश जारी किए।

जिला निर्वाचन अधिकारी भगवती प्रसाद कलाल ने बताया कि मतदाता सूचियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम-द्वितीय एवं आगामी विधानसभा आम चुनाव-2023 से पूर्व मतदाता जागरूकता गतिविधियों के दौरान डिस्ट्रिक्ट इलेक्शन आइकन का जागरूकता की विभिन्न गतिविधियों में सहयोग लिया जायेगा।

# पेयजल किल्लत को लेकर महिलाओं ने सुनाई खरी-खोटी

**खाजूवाला,** (कासं)। यहां मंडी सहित क्षेत्र में इन दिनों नहरबंदी के चलते पेयजल किल्लत का सामना करना पड़ रहा है। वार्ड नंबर एक की महिलाओं ने एसडीम को ज्ञापन देकर पानी उपलब्ध करवाने की मांग की है तथा विभाग के अधिकारियों के खिलाफ आक्रोश जताया व खरी खरी सुनाई।

ज्ञापन में अवगत करवाया कि नगरपालिका क्षेत्र के वार्ड नंबर एक में करीब 500 से 700 मकान हैं तथा वार्ड में नहर बंदी के कारण पानी की आपूर्ति काफी दिनों से बंद हो चुकी है, जिससे लोगों को महंगे दामों में टैंकर मंगवाने पड़ रहे हैं। इसमें भी खारा पानी आ रहा है। साथ ही आवारा पशुओं की भी पानी नहीं मिलने के कारण मौत हो रही है। खाजूवाला नगर पालिका क्षेत्र में जल्द पेयजल सप्लाई करवाने की मांग की गई है।

- **नहर बंदी के कारण पानी की आपूर्ति काफी दिनों से बंद हो चुकी है, जिससे लोगों को महंगे दामों में टैंकर मंगवाने पड़ रहे हैं**

खाजूवाला विधानसभा क्षेत्र में सिंचाई व पेयजल समस्या का समाधान करने के लिए भाजपा नेता डॉ. विश्वनाथ मेघवाल व देहात जिलाध्यक्ष जालम सिंह भाटी के नेतृत्व में पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने जिला कलेक्टर को ज्ञापन दिया।

ज्ञापन में मेघवाल ने बताया कि राजस्थान के पश्चिमी जिलों में इस समय अघोषित नहरबंदी चल रही है। जहां पंजाब, हिमाचल व हरियाणा में बाढ़ के हालात है।

# फूड प्लाजा रेस्टोरेंट पर स्वास्थ्य विभाग टीम की दबिश, अवधि पार कोल्ड ड्रिंक्स मिली

**श्रीगंगानगर,** (कासं)। सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल होने और उसमें अवधिपार खाद्य सामग्री बेचान करने के मामले में बुधवार को चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की टीम ने सीएमएचओ डॉ. मनमोहन गुप्ता के निर्देशों पर श्रीविजयनगर स्थित फूड प्लाजा रेस्टोरेंट पर दबिश दी।

इस दौरान कुछ कोल्ड ड्रिंक्स की बोतलें अवधि पार मिली। जिन्हें मौके पर ही नष्ट करवाया गया। जबकि दुकान से कोल्ड ड्रिंक का सैम्पल भी लिया गया। इसी तरह तीन अन्य संस्थाओं से सैम्पल लिए गए।

सीओआईईसी विनोद बिश्नोई ने बताया कि सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हुआ। जिसमें श्रीविजयनगर स्थित फूड प्लाजा रेस्टोरेंट पर अवधिपार खाद्य सामग्री बेचान करने के आरोप लगाये गए। इसे आमजन ने विभागीय फेसबुक पेज आईईसी श्रीगंगानगर पर टैग किया। जिस पर मामला संज्ञान में आते ही सीएमएचओ डॉ. मनमोहन गुप्ता ने मामले को गंभीरता से लेते हुए टीम को मौके पर भेजा। बुधवार को खाद्य सुरक्षा अधिकारी हंसराज गोदारा व कंपरपाल सिंह ने फूड प्लाजा का निरीक्षण किया। इस दौरान अवधिपार सामग्री को मौके पर ही नष्ट करवाते हुए कोल्ड ड्रिंक का सैम्पल लिया। वहीं रेस्टोरेंट मालिक संकी मिड्ढ़ा पुत्र उमेश कुमार मिड्ढ़ा को पाबंद किया कि भविष्य में अवधिपार खाद्य सामग्री का बेचान नहीं करें। इसी तरह टीम ने 32 एमएल चौराहे पर स्थित सालासर मिष्ठान भण्डार से बर्फी का सैम्पल, सारस्वत किराना स्टोर से नमक का सैम्पल और दूपहिया दूध विक्रेता त्रिलोक चंद से दूध का सैम्पल लिया। विभाग ने आमजन से अपील की है कि वे अवधि पार खाद्य सामग्री बेचने वालों की सूचना विभाग का दें। वहीं दुकानदारों से अपील है कि वे किसी भी स्थिति में अवधि पार खाद्य सामग्री का बेचान न करें।




गंगानगर में फूड प्लाजा रेस्टोरेंट पर स्वास्थ्य विभाग की टीम ने दबिश देकर कोल्ड ड्रिंक के सैम्पल लिए।

- **सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल हुआ जिसमें श्रीविजयनगर स्थित फूड प्लाजा रेस्टोरेंट पर अवधिपार खाद्य सामग्री बेचने करने के आरोप लगाये गए थे**

# बैंक राष्ट्रीकरण दिवस पर सेवाश्रम में भोजन कराया

**बीकानेर,** (कासं)। भारत में बैंक राष्ट्रीयकरण के 54 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष में पूरे देश में बैंक कर्मियों का संयुक्त संगठन यूनाइटेड फोरम ऑफ बैंक यूनियन विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन कर रहा है। इनमें रैलियां, गोष्ठियां,सम्मेलन एवं सामाजिक सरोकार के कार्यक्रम शामिल हैं।

इसी क्रम में बीकानेर में विमंदित बच्चों के लिए भोजन सामग्री का वितरण नारी निकेतन सेवाश्रम पवनपुरी में किया गया। कार्यक्रम में वाई. के. शर्मा योगी, रामदेव राठौड़, मृत्युंजय प्रकाश, रूपेश शर्मा, मनोज सैनी, चन्द्र कांत व्यास, मोहन लाल देवड़ा, आनंद ज्याणी, अशोक कुमार सोलंकी, जे. पी. वर्मा गुल्लू, जयशंकर खत्री एवं अन्य सदस्यों ने सहयोग किया।

इस अवसर पर वाई. के. शर्मा योगी प्रांतीय उपाध्यक्ष, राजस्थान प्रदेश बैंक एम्पलाइज यूनियन ने बताया कि बैंक संगठन आल इंडिया बैंक एम्पलाइज एसोसिएशन के तत्कालीन महासचिव और उस समय के सांसद कॉम. प्रभातकार के अथक प्रयासों द्वारा लोक सभा में बैंक राष्ट्रीयकरण संबंधित रेसोल्यूशन पारित किया गया था। जिसके परिणामस्वरूप 19 जुलाई 1969 को तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने 14 बैंकों का देश हित में राष्ट्रीयकरण किया था। राष्ट्रीकरण का देश की अर्थव्यवस्था में दूरगामी परिणाम निकला। ना केवल देश की जनता की संपत्ति इससे सरकार के नियंत्रण में आ गई।




बैंक एम्पलॉयज यूनियन ने बैंक राष्ट्रीयकरण दिवस पर सेवाश्रम में भोजन कराया।

